


श्रेयस अय्यर आईपीएल 2025 के क्वालिफायर 1 में आरसीबी के खिलाफ पंजाब किंग्स की हार के दौरान कंडीशन को अच्छी तरह से समझने में सफल नहीं रहे। - टॉम मूडी

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर, श्रेयस अय्यर के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



**पूजा**

**दक्षिण कोरिया** के गुमी में आयोजित एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय एथलीट पूजा ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, 18 वर्षीय पूजा ने महिलाओं की हाई जम्प में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। पूजा ने सीजन का सर्वश्रेष्ठ 1.89 मीटर का प्रदर्शन करते हुए बेहतरीन जीत दर्ज की। उनके इस प्रयास ने उनका खुद का अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। बता दें कि, ये कारनामा करने वाली पूजा दूसरी भारतीय हैं। उनसे पहले बॉल एलॉयसियस एशियाई चैंपियनशिप में ऊंची कूद में मेडल जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला थीं।

**क्या आप जानते हैं ?...** 2025 में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में शतक लगाया।

### // जिन संघों की मान्यता नहीं, वहां कॉल्विन के लिए बनेगी कमेटी //

# सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस दीपक वर्मा को लोकपाल नियुक्त किया : बिहाणी



दीपक वर्मा

जयपुर, 30 मई। राजस्थान क्रिकेट एडहॉक कमेटी कन्वीनर जयदीप बिहाणी ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस दीपक वर्मा को लोकपाल नियुक्त किया है। राजस्थान क्रिकेट एडहॉक कन्वीनर जयदीप बिहाणी को तकरीबन डेढ़ दर्जन जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिवो ने एटहॉक कमेटी कन्वीनर जयदीप बिहाणी को लोकपाल, चुनाव अधिकारी, एथेंस आफिस को नियुक्त करने तथा बीकानेर पाली क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ कार्रवाई करने के अधिकार पत्र पर अपनी सहमति दी हैं। इसके बाद बीते दिन गुरुवार को एडहॉक कमेटी कन्वीनर जयदीप बिहाणी ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन ओर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के बीच आदेशों के मद्देनजर होने वाले विवाद के निपटारे, फैसला करने का अधिकार रखने वाले लोकपाल पद पर लोढा कमेटी के निर्देश मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस दीपक वर्मा की नियुक्ति किया हैं। राजस्थान क्रिकेट संघ में एडहॉक कमेटी कन्वीनर जयदीप बिहाणी ने धर्मवीर सिंह शेखावत के पाली जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर बीते दिन गुरुवार को एक ओर सदस्य रतन सिंह शेखावत की बीकानेर जिला क्रिकेट एसोसिएशन की मान्यता को रद्द करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की जगह नियुक्त हुए एडहॉक कमेटी में कन्वीनर जयदीप बिहाणी ने कहा विवाद की जड़ ये दो सदस्यों धर्मवीर सिंह शेखावत,रतन सिंह है। आरसीए एडहॉक कमेटी में चल रहा विवाद आज एक नए मुकाम पर पहुंच गया। एडहॉक कमेटी के संयोजक जयदीप बिहाणी ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेस में धनंजय सिंह गुट पर पलटवार किया। कमेटी के संयोजक जयदीप बिहाणी ने साफ किया कि जिन जिला संघों पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, उन पर कार्रवाई किसी सूरत में नहीं रुकेगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को टीए-डीए के बिलों से कमाई करनी होती है, वो ही जल्दी-जल्दी मीटिंग करने का दबाव बनाते हैं।

उन्होंने खुद पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोपों पर कहा कि पिछले एक साल के दौरान बीसीसीआई ने आरसीए को करीब साढ़े 57 करोड़ रुपए का अनुदान दिया है। अगर काम नहीं करते तो क्या बीसीसीआई अनुदान देती? प्रदेश में दो जिला संघों बीकानेर और पाली की मान्यता समाप्त हो चुकी है। जबकि जोधपुर जिला संघ को मान्यता अभी तक मिली नहीं है। ऐसे में कॉल्विन शील्ड के लिए इन जिलों से टीम बनाने के लिए आरसीए एडहॉक कमेटी अपनी टीम भेजेगी। बिहाणी ने कहा कि जिला संघों के भ्रष्टाचार की गाज प्लेयर्स पर नहीं पड़ने दी जाएगी। 7 जून से कॉल्विन शील्ड शुरू होनी है। उससे पहले ही आरसीए की एक कमेटी गठित कर इन जिलों में भेजी जाएगी और वही कमेटी इन जिलों में टीम का चयन करेगी।

बिहाणी ने कहा कि धनंजय सिंह ने अपने साथियों के साथ गत 19 मई को मीटिंग करके एक प्रस्ताव पारित किया था कि आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा किए गए सभी पूर्व निर्णयों को रद्द किया जाता है। ऐसे में बीसीसीआई से अनुदान के रूप में प्राप्त करोड़ों की राशि की भी वापस वसूल करनी होगी। क्योंकि इस राशि का भुगतान, क्रिकेटर्स, अंपायर्स, पेंशन आदि विभिन्न मदों में किया जा चुका है। अब धनंजय सिंह इस पूरी राशि की वसूली कर लें और वापस बीसीसीआई को चुका दें। धनंजय सिंह गुट के उन आरोपों को भी सिरे से खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि एडहॉक कमेटी को सिर्फ चुनाव करवाने के लिए बनाया गया था। बाकी कोई अधिकार कमेटी को नहीं हैं। इस पर बिहाणी ने कहा कि आरसीए एक्ट, स्पोर्ट्स एक्ट और वकील की राय बताती है कि एडहॉक कमेटी एक निर्वाचित कमेटी की तरह ही काम कर सकती है। अगर धनंजय सिंह गुट को आपत्ति थी तो फिर ये सिर्फ पिछले 3 महीने से ही क्यों दिख रही है ? उससे पहले जब कमेटी राजस्थान स्तर पर काम कर रही थी, क्रिकेट के आयोजन कर रही थी, तब ये बात क्यों नहीं उठी कि कमेटी को इस काम का अधिकार ही नहीं है। बिहाणी ने आरसीए में अपनी ताकत दिखाने का भी प्रयास किया। पिछले कुछ दिनों से धनंजय सिंह गुट उन पर इस आधार पर हमलावर होने की कोशिश कर रहा था कि 6 सदस्यीय कमेटी में 4 सदस्य बिहाणी के खिलाफ हैं।





### बीसीसीआई से अनुदान के रूप में प्राप्त करोड़ों की राशि में से किया गया भुगतान

जयदीप बिहाणी के अनुसार खिलाड़ी, अंपायर/स्कोरर और अन्य का टीए/डीए 27,41,072, पुराने खिलाड़ियों की पेंशन 2,20,000, जिला मासिक कोच भुगतान, 1,67,400, ग्राउंडमैन की रात्रि ड्यूटी का शुल्क, 51,900, एनसीए कैंप 54,31,934, घरेलू और राष्ट्रीय टूर्नामेंट के संबंध में भुगतान 58,86,376। कुल मिलाकर 1,44,98,682 रूपये सबके खातों में सीधे तौर पर दिए गए। इसके अलावा खिलाड़ी, अंपायर/स्कोरर और अन्य का टीए/डीए, 92,980, पुराने खिलाड़ियों की पेंशन 22,500, एनसीए कैंप 7,33,900, घरेलू और राष्ट्रीय टूर्नामेंट के संबंध में भुगतान 2,61,276। कुल 11,10,656 रूपये सबके खातों में सीधे तौर पर दिए गए। व्यावसायिक सेवाओं पर टीडीएस 51,33,263, किराए पर टीडीएस, 7,66,665, ठेकेदार पर टीडीएस 1,57,110, वेतन पर टीडीएस, 30,597, ठेकेदार पर टीडीएस 2,999, जीएसटी जमा करें 1,02,64,596, सभी तरह के पेमेंट पर 1,63,55,230 रुपए दिए गए। इनके साथ ही जेवीवीएनएल - मानसरोवर - बिजली राशि 92,836 के जमा हुए।

उन्होंने दावा किया कि आरसीए की 35 सदस्यीय एजीएम में इस समय 32 सदस्य हैं और उनमें से 18 का उन्हें समर्थन प्राप्त है। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक जयदीप बिहाणी ने फिर दोहराया कि बीकानेर और पाली जिला क्रिकेट संघ की मान्यता समाप्त की जा चुकी है और इस निर्णय पर अब आरसीए के 18 सदस्यों ने बहुमत से मुहर भी लगा दी है। जब एडहॉक कमेटी को चुनाव होने पर जिला संघ को मान्यता देने का अधिकार है, तो अनियमितता की स्थिति में मान्यता समाप्त करने का अधिकार भी है।

बिहाणी ने कहा कि धनंजय सिंह गुट उन पर आरोप लगा रहा है कि आरसीए एडहॉक कमेटी क्रिकेट पर ध्यान नहीं दे रही है। जबकि पिछले एक साल में हर टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि अंडर-19 स्टेट चैंपियनशिप, अंडर-16, अंडर-23 स्टेट चैंपियनशिप, अंडर-14, स्टेट वीमेन, कूच बिहार, रणजी ट्रॉफी जैसे तमाम आयोजन उसी स्तर पर करवाए गए, जैसे दूसरे राज्यों में होते हैं। यही कारण है कि बीसीसीआई ने बतौर अनुदान आरसीए को साढ़े 57 करोड़ रूपए का अनुदान जारी किया।

**तदर्थ कार्यकारी समिति की कुल 16 बैठकें आयोजित हुई**

| | |
|---|---|
| 01.04.2024, | 05.04.2024, |
| 21.04.2024, | 02.05.2024, |
| 10.05.2024, | 07.06.2024, |
| 06.07.2024, | 17.07.2024, |
| 03.08.2024, | 27.08.2024, |
| 16.09.2024, | 07.10.2024, |
| 23.10.2024, | 30.01.2025, |
| 23.02.2025 और 18.03.2025 को। | |

साधारण सभा की बैठक बीस जून को पुष्कर, अजमेर में आयोजित की जाएगी जिसकी सूचना आज राजस्थान क्रिकेट संघ से एफिलेटेड सभी सदस्यों, जिला क्रिकेट संघो को जारी कर दी गयी है। जयदीप बिहाणी ने आज भ्रष्टाचार पर बेबाक़ी से जबाब दिया और खिलाड़ियों को दिये गये पैसे वो भी खातों में उसको रोकने चारो सदस्यों के हस्ताक्षर करवाकर धर्मवीर द्वारा प्रयास किया गया सारे विवाद की मूल जड़ धर्मवीर सिंह और रतन सिंह ही है जो ये संघ में क़ब्ज़ा करने के लिये सभी को आपस में विवाद करवाते रहे है।

बिहाणी ने पाली जिला क्रिकेट संघ की जांच पर रोक लगाने के आदेशों पर कहा कि जांच कराने के आदेश तो देते सुना है लेकिन जांच रोकने के आदेश पहली बार देखे हैं। बिहाणी ने कहा कि कमेटी के एक साल के कार्यकाल में लगभग एक दर्जन मीटिंग हो चुकी हैं और कितनी करवानी हैं। इसके अलावा पिछले दिनों जो मीटिंग नहीं हो पाई, वो युद्ध की स्थिति के कारण। उन्होंने धनंजय सिंह गुट पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि सिर्फ टीए-डीए के चक्कर में मीटिंग-मीटिंग खेलने चाहते हैं। मैने तो आज तक आरसीए से कोई भत्ता उठाया नहीं।

# गुजरात टाइटंस को 20 रन से हराकर मुंबई इंडियंस दूसरे क्वालीफायर में पहुंची

मुल्लांपुर, 30 मई। रोहित शर्मा (81), जॉनी बेयरस्टो (47) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत मुम्बई इंडियंस ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में गुजराज टाइटंस को 20 रनों से हराकर दूसरे क्वालिफायर में प्रवेश कर लिया है।

229 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गजरात टाइटंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने कप्तान शुभमन गिल (एक) का विकेट गवां दिया। शुभमन को बोल्ट ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कुसल मेंडिस ने साई सुदर्शन के साथ दूसरे विकेट लिये 64 रन जोड़े। सातवें ओवर में मिचेल सैंटनर ने कुसल मेंडिस 10 गेंदों में (20) रन का शिकार किया। इसके बाद 14वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने वॉशिंगटन सुंदर 24 गेंदों में (48) रन को बोल्ड कर मुम्बई को तीसरी सफलता दिलाई। 16वें ओवर में रिचर्ड ग्लीसन ने साई सुदर्शन को बोल्ड कर मैच पर मुम्बई का दबदबा कामय कर दिया।

साई सुदर्शन ने 49 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए (80) रनों की पारी खेली। 19वें ओवर की पहली गेंद पर बोल्ट ने शरफेन रदरफोर्ड 15 गेंदों में (24) रन का शिकार किया। शाहरुख खान (13) छठे विकेट के रूप में आउट हुए। गुजरात टाइटंस की टीम निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 208 रन बना सकी और मुकाबला 20 रनों से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। वहीं इस जीत के साथ मुम्बई ने दूसरे क्वालीफायर में प्रवेश कर लिया है।

मुम्बई इंडियंस की ओर से ट्रेंट बोल्ट को दो विकेट मिले। जसप्रीत बुमराह, रिचर्ड ग्लीस और अश्विनी कुमार और मिचेल सैंटनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।बल्लेबाजी करने उतरी रोहित शर्मा और जॉनी बेयरस्टो की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े।

आठवें ओवर में साई किशोर ने जॉनी बेयरस्टो को गेराल्ड कोएत्जी के हाथों कैच आउट कराकर गुजरात को पहली सफलता दिलाई। बेयरस्टो ने 22 गेंदों में तीन छक्के और चार चौके लगाते हुए (47) रन बनाये। इसके बाद सूर्यकुमार यादव 20 गेंदों में तीन छक्के एक चौका लगाते हुए(33) रन बनाकर साई किशोर का शिकार बने। 17वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने रोहित शर्मा को आउटकर गुजरात टाइटंस को बड़ी सफलता दिलाई। रोहित शर्मा ने 50 गेंदों में चार छक्के और नौ चौके लगाते हुए (81) रनों की पारी खेली। चौथे विकेट के रूप में तिलक वर्मा 11 गेंदों में (25) रन बनाकर आउट हुये। मुम्बई इंडियंस ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 228 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान हार्दिक पंड्या ने नौ गेंदों में तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 22) रनों की विस्फोटक पारी खेली। गुजरात टाइटंस की ओर से साई किशोर और प्रसिद्ध कृष्णा ने दो-दो विकेट लिये।मोहम्मद सिराज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।





### सात्विक और चिराग की जोड़ी सिंगापुर बैडमिंटन ओपन के सेमीफाइनल में

सिंगापुर, 30 मई। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शुक्रवार को मलेशिया की गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की जोड़ी को हराकर सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2025 में पुरुष युगल के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां 39 मिनट तक चले पुरुष युगल मुकाबले में सात्विक और चिराग की जोड़ी दुनिया की नम्बर वन मलेशियाई जोड़ी गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन को सीधे सेटों में 21-17, 21-15 से हराया। गेम की शुरुआत से ही दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और एक समय स्कोर 7-7 से बराबरी पर था।

### गुलवीर सिंह ने एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत को दिलाया पहला गोल्ड मेडल





नई दिल्ली, 30 मई। एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारतीय एथलीट्स छा गए हैं। इस कड़ी में भारत को पहला गोल्ड मेडल उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के रहने वाले गुलवीर सिंह ने दिलाया। गुलवीर ने दक्षिण कोरिया के गुमी शहर में आयोजित हो रही एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की 10,000 मीटर रेस में 28 मिनट 38.63 सेकंड का बेहतरीन समय निकालते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। बता दें कि, ये चैंपियनशिप में भारत का पहला गोल्ड है।अलीगढ़ जिले के सिरसा गांव में हैं, जहां गुलवीर सिंह एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता पप्पू सिंह खेती करते हैं और बेटा आज देश के लिए गोल्ड लाया है। गुलवीर की सफलता देखकर परिजनों के आंखों में खुशी के आंसू थे। गुरवीर के भाई मोनू ने बताया कि हमें सोशल मीडिया से पता चला कि भाई ने गोल्ड मेडल जीता है। जब वीडियो देखी तो यकीन ही नहीं हुआ पूरा गांव खुशी से झूम उठा है। गुलवीर की मेहनत काबिले तारीफ है। वो हर दिन सुबह 4 बजे दौड़ की शुरुआत करता था आज उसी मेहनत ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है।

# एलीट क्लब जयपुर विजेता और चैम्पियन मेकर अजमेर बना उपविजेता

जयपुर, 30 मई। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान मे एस एस जैन सुबोध पब्लिक स्कूल मे दिनांक 10 जनवरी 2025 से 29 मई 2025 तक आयोजित की गई अंडर-13 युथ राजस्थान लीग मे 90 मैच खेले गए जिसमें जयपुर इलीट फुटबॉल क्लब ने 16 मैच जीत कर 49 अंक के साथ लीग की विजेता बनी वही चैंपियन मेकर फुटबॉल क्लब अजमेर ने 13 मैच जीतकर 41 पॉइंट के साथ लीग की उपविजेता टीम बना।

संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया की अंडर-13 युथ राजस्थान लीगे मे सम्पूर्ण राजस्थान की सर्वश्रेष्ठ 10 क्लबों ने अपनी भागीदारी दर्ज की लगभग 4 महीने तक चली इस लीगे मे 300 से अधिक खिलाडियों ने भाग लिया इस लीग से विजेता टीम को अंडर 13 युथ इंडियन लीग के लिये भाग लेने का मौका मिलेगा लीग का मुख्य उद्देश्य अंडर 13 के राजस्थान के ग्रासरूट खिलाडियों को अधिक से अधिक मैच का अनुभव मिल। चैंपियन मेकर फुटबाल क्लब के जोयरिंग ने प्रतियोगिता में सबसे अधिक 37 गोल करके बेस्ट स्कोरर रहे ओर ए एस एल फुटबाल क्लब के जर्सी नंबर 77 काका को प्रतियोगिता का बेस्ट यंगर फुटबाल खिलाड़ी रहे। लीग के सभी मैच सुबोध पब्लिक स्कूल मे आयोजित किये गए संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने सुबोध पब्लिक स्कूल के प्रबंधक को लीग के सफल आयोजन के लिये धन्यवाद दिया।



लीग मे भाग लेने वाली टीमें इस प्रकार थे। जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब 49 अंक के साथ प्रथम स्थान, चैंपियन मेकर फुटबॉल क्लब, 41 अंक दूसरे स्थान, राजस्थान फुटबॉल स्कूल 32 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही, ब्रदर्स यूनाइटेड क्लब 32 अंक चौथा स्थान, रॉयल फुटबॉल क्लब 18 अंक पांचवां स्थान, जयपुर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब 17 अंक छठा स्थान, जयपुर बॉयज एंड गर्ल्स फुटबॉल अकादमी 15 अंक सातवां स्थान, फुटबॉल क्लब 13 अंक आठवां स्थान, जयपुर फुटसाल 12 अंक नौवा स्थान, रिहान फुटबॉल क्लब 7 अंकों के साथ दसवें स्थान पर रहा।

### आईपीएल 2025 फाइनल में नहीं आएंगे तीनों सेना प्रमुख, क्लोजिंग सेरेमनी में गूजेंगे देशभक्ति के गीत

नई दिल्ली, 30 मई। बीसीसीआई ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तीन जून को होने वाले आईपीएल फाइनल के लिए तीनों सेना के प्रमुखों को आमंत्रित किया था लेकिन अब जानकारी के अनुसार, थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौ सेना प्रमुख एडमिनरल दिनेश के त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह समापन समारोह में शामिल नहीं होंगे। मंगलवार को बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा था कि हमने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए सभी भारतीय सशस्त्र बलों के प्रमुखों, टॉप अधिकारियों और सैनिकों को आईपीएल फाइनल के लिए आमंत्रित किया है। बोर्ड देश के सशस्त्र बलों की वीरता, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलामी करता है। समापन समारोह में तीनों सेनाओं के बैंड के सात बीएसएफ के बैंड की प्रस्तुति भी होनी थी। साथ ही स्टेडियम में 1000 सैन्य अआधिकारियों, सैनिकों और उनके परिवार के बैठने के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी। यही नहीं स्टेडियम में लगी बड़ी स्क्रीन पर भारत की वीरगाथा के चलचित्र दिखाए जाने थे। बोर्ड सूत्र ने कहा कि गुरुवार को सरकार की तरफ से संकेत मिले थे, जिसके बाद हमने कार्यक्रम में बदलाव किया है।

### जैनिक सिनर फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में

पेरिस, 30 मई। इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने गुरुवार को फ्रांस के रिचर्ड गैस्के को हराकर फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। आज यहां खेले गये मुकाबले में इटली के सिनर ने फ्रांस के गैस्के को 6-4, 6-2, 6-4 से हराया। इस हार के साथ ही 38वर्षीय गैस्के का क्ले कोर्ट पर शानदार करियर खत्म हो गया। वे अभी भी बेहतरीन टेनिस खेल रहे हैं। सिनर की तीसरे दौर में रूस के पावेल कोटोव से भिड़ंत होगी।

# पी एंड टी क्रिकेट क्लब (इंडिया पोस्ट) चैम्पियन बनी

## यूनियन क्रिकेट क्लब रही उपविजेता, रजत छपरवाल का शतक





जयपुर, 30 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिविजन लीग के नॉक आउट मुकाबले में आज के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए फाइनल मैच में प्रात: पी एंड टी क्रिकेट क्लब ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विनीत सक्सेना के 61 रन, नरेश गहलोत के 31 रन, रजत छपरवाल के 101 रन, अजीम अख्तर के 82 रन, भैरा राम के 14 रन व सौरभ चौहान के 10 रन से 50 ओवर में 9 विकेट पर 340 रन बनाए। यूनियन क्रिकेट क्लब के लिए आतिफ खान ने 63 पर 5, दीपक चौधरी, देवराज सैनी व कुणाल शर्मा ने एक - एक विकेट लिया।

जवाबी पारी में यूनियन क्रिकेट क्लब की टीम देव प्रताप के 50 रन, नितेश कुमार के 30 रन, कुणाल शर्मा के 26 रन, दीपक चौधरी के 49 रन व आदित्य टांक के 42 रनों से 47.1 ओवर में 240 रन बनाकर आउट हो गई। पी टी क्रिकेट क्लब के लिए चंद्र पाल सिंह, नरेश गहलोत व रजत छपरवाल ने 3 - 3 विकेट लिए। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्व रणजी कप्तान विनोद माथुर, मोहम्मद असलम, राहुल कांवट, रोहित झालानी, झबार (इंडिया पोस्ट), आनंद मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, ऋषिता मिश्रा, आनंद सिंह राठौर ने विजेता व उपविजेता टीमों को व्यक्तिगत पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर एडहॉक कमेटी के सदस्य रोहित झालानी, लोकेश जैन सहित ओम शर्मा, सलीम कामरेड तपेश कौशिक सहित अनेक खिलाड़ी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज देव प्रताप (यूनियन क्रिकेट क्लब), सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चंद्रपाल सिंह (पी एंड टी) क्रिकेट क्लब, मेन ऑफ दी सीरीज शोभित मिश्रा (अरावली क्लब) रहे।

### डी गुकेश ने रोमांचक मुकाबले में कारूआना को हराया

स्टवान्गर (नोर्वे), 30 मई। विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के 'ओपन' वर्ग में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर फैबियानो कारूआना के खिलाफ रोमांचक आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत दर्ज की। वहीं अर्जुन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करना पड़ा। चौथे चक्र में गुकेश ने चार घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले में अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुये अमेरिका के फैबियानो कारूआना को हराया। गुकेश के शानदार रक्षात्मक प्रदर्शन के आगे कारूआना अपनी बढ़त को नहीं भुना पाये। इसके बाद गुकेश ने 'आर्मागेडन' में मुकाबला आसानी से जीत लिया। कार्लसन आठ अंकों के साथ शीर्ष पर है। गुकेश और एरिगैसी 4.5 अंकों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। महिला वर्ग में भारत की आर. वैशाली ने 'आर्मागेडन' टाई-ब्रेक में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक को हराया। विश्व चैंपियन वेनजुन जू ने कोनेरू हम्पी को हराया। भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी हम्पी तालिका में मुजीचुक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

# राजस्थान के सुधाकर ने श्रीलंका के ज्ञानसीलन डॉरिसन को हराकर प्रतियोगिता का सबसे बड़ा उलटफेर किया

जयपुर, 30 मई। आज से आरंभ हुई रॉयल जयपुर फीडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता के पहले चक्र में सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने आसानी से जीत कर खिताब की ओर अपना अभियान शुरू किया.. परन्तु दूसरे चक्र में 12 वर्ष से कम आयु के नन्हें शातिरों ने कुछ धमाकेदार खेल दिखाते हुए अपने से कहीं अनुभवी और उच्च रेटिंग वाले खिलाड़ियों को अपने शानदार खेल से चौंका कर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

सबसे बड़े उलटफेर में राजस्थान के सुधाकर ने श्रीलंका के ज्ञानसीलन डॉरिसन को हराकर प्रतियोगिता का सबसे बड़ा उलटफेर किया। राजस्थान के ही विहान गुप्ता ने मध्यप्रदेश के फीडे मास्टर पियूष रंजन दूबे को हराकर अपने उत्कृष्ट खेल से आकर्षित किया। वहीं दूसरी ओर हरियाणा के 10 वर्षीय विठ्ठल नारायणन ने पंजाब के जसप्रीत सिंह को और राजस्थान की ही आराध्या उपाध्याय ने 60 वर्षीय महेश लखियानी को ड्रॉ के लिए मजबूर कर सबकी वाहवाही बटोरी। इसके अलावा बाकी उच्च वरियता प्राप्त खिलाड़ियों ने अपने विजय अभियान को जारी रखा।



बंगाल के आरित्रिय पाल, मध्यप्रदेश के ऋषि सोनकर, तीसरी वरीयता के सिद्धांत चतुर्वेदी अपने मैच जीत कर 2/2 अंक बनाकर आगे चल रहे हैं। महिला वर्ग में जयपुर की आशी उपाध्याय दो में से दो अंक बनाकर सबसे आगे चल रहीं हैं। जयपुर के शानदार होटल अमर पैलेस में चल रही इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में सर्वश्री ज्योति माहेश्वरी, निर्मल बरडिया, राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश जे के रांका (रि.)और अमर पैलेस होटल के राजेश शर्मा ने शिरकत की और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।